
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 29.11.2021 से 04.12.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाउसिंग फॉर ऑल योजना की समीक्षा

(दिनांक 29.11.21)

**विषय: हाउसिंग फॉर ऑल योजना की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हॉउसिंग तथा अन्य संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें हरियाणा के गरीब से गरीब परिवार को घर कैसे सुलभ हो और पहले से बने फ्लेटस को लोगों को देने के संबंध में चर्चा की गई। उक्त मीटिंग में माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभाग के सभी अधिकारियों को हॉउसिंग फॉर ऑल योजना बनाकर पूरी करने और इसके क्रियान्वयन की रूप रेखा तय करने के निर्देश दिए।




## समझौता हस्ताक्षर समारोह

(दिनांक 30.11.21)




**विषय: समझौता हस्ताक्षर समारोह।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 29 कम्पनियों के साथ सब्जियां और अन्य उत्पाद खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते हस्ताक्षर में हरियाणा के 20 से ज्यादा एफ.पी.ओ भी सम्मिलित हुए। इसके तहत अब कम्पनियां और निवेशक सीधे किसानों से सब्जियां और अन्य उत्पाद खरीद सकेंगे। इसका सीधा लाभ किसानों को होगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इसे किसानों की प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जर्मन प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

(दिनांक 30.11.21)



**विषय: जर्मन प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चण्डीगढ़ स्थित अपने निवास पर जर्मनी के सांसद श्री राहुल कुमार के नेतृत्व में आए जर्मनी के एक प्रतिनिधिमंडल से भेंट की। इस दौरान हरियाणा और जर्मनी के बीच कौशल विकास, छात्र एवं युवाओं के आदान–प्रदान तथा प्रौद्योगिकी एवं नए स्टार्टअप के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने परिवार पहचान पत्र, लाल डोर मुक्त, डिजिटलाइजेशन और मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सहित कई नई पहलों की जानकारी साझा की। विदित है कि जर्मनी के सांसद श्री राहुल कुमार हरियाणा के जगाधरी के अलहर गावं से ही हैं और 2021 में उन्हें फ्रैंकफर्ट जर्मनी में सांसद के रूप में चुना गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

## अंतरराष्ट्रीय जयंती समारोह प्रेस कांफ्रेंस


(दिनांक 01.12.21)



**विषय: अंतरराष्ट्रीय जयंती समारोह प्रेस कांफ्रेंस।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह के उपलक्ष्य में कुरूक्षेत्र में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्रेस को संबोधित करते हुए जानकारी दी कि अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2 से 19 दिसंबर तक



# साप्ताहिक सूचना पत्र

मनाया जाएगा। जिसके तहत 9 से 14 दिसंबर तक मुख्य कार्यक्रम होंगे।

इसके तहत गीता पाठ, सतं सम्मेलन, पुस्तक मेला, गीता आरती जैसे महत्वपूर्ण आयोजन किए जाएंगे। इस बार महोत्सव में 3400 देश–विदेश के कलाकार हिस्सा लेगें साथ ही 250 से ज्यादा शिल्पकार भी आएंगे जो महाभारत पर आधारित मूर्तियां बनाएंगे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने गीता को जीवन का सार कहा और देश और दुनियां के सभी नागरिकों से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भाग लेने और हरियाणा आने का आवहान किया।

## डा. मंगलसेन 31वीं पुन्यतिथि पर उन पर लिखी पुस्तक का विमोचन

(दिनांक 02.12.21)

**विषय: डा. मंगलसेन 31वीं पुन्यतिथि पर उन पर लिखी पुस्तक का विमोचन।**




**प्रभाव:** डा. मगल सेन जी की 31वीं पुन्यतिथि पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने महर्षि दयानंद विष्वविद्यालय रोहतक में उन्हें श्रृद्धासुमन अर्पित किए और उन पर लिखी पुस्तक 'डा. मंगलसेन – सैद्धांतिक राजनीति के पथिक' का विमोचन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने एम.डी.यू यूनिवर्सिटी में 2.5 करोड़ की लागत से डा. मंगलसेन बहुत वैकल्पिक हॉल के नवीनीकरण कार्य और 8.50 करोड़ रूप्ये की लागत से बनने वाले कब्बडी हॉल का भी शिलान्यास किया।

## न्यजू 18 के चौपाल कार्यक्रम

(दिनांक 02.12.21)

**विषय: न्यजू 18 के चौपाल कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली में न्यूज 18 के कार्यक्रम चौपाल में शिरकत की।

इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने किसान आंदोलन, पानी, पराली, भर्ती और हरियाणा के अन्य मुद्दों को लेकर बेबाकी से जवाब दिए साथ ही हरियाणा में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

(दिनांक 03.12.21)



**विषयः अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस।**

**प्रभावः** आज अंतरराष्ट्रीय दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अम्बाला के आजीवन दिव्यांग देखभाल गृह का शिलान्यास किया। यह देखभाल गृह 5 एकड़ भूमि पर लगभग 32 करोड़ रूप्ये की लागत से बनेगा। इस भवन में 100 मानसिक अक्षम दिव्यांग जनों के लिए रहने, खाने और ईलाज की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी पानीपत स्थित राजकीय अंध विद्यालय की नई बिल्डिंग बनाने, स्पोटर्स स्टेडियम में दिव्यांगों के लिए खेल कार्नर बनाने के भी आदेश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने दिव्यांग जनों की सुविधाओं के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया और सभी दिव्यांग–जनों को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दी।


## खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का जायजा

(दिनांक 04.12.21)



**विषयः खेलो इंडिया यूथ गेम्स की तैयारियों का जायजा।**

**प्रभावः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने पंचकूला पहुंच कर हरियाणा में होने जा रहे खेलो इंडिया की तैयारियों का जायजा लिया। इन खेलों में देशभर दे दस हजार खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खेलों में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है। पंचकूला



# साप्ताहिक सूचना पत्र

में होने जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे संस्करण के लिए 31 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएंगी। यह खेल 5 फरवरी से 14 फरवरी 2022 तक होने वाले हैं। इन खेलों में 25 प्रकार के विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें देश भर से लगभग 10 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों का शुभारंभ 5 फरवरी को पंचकूला के सैक्टर–3 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगा।

## करनाल में जनसुनवाई

**(दिनांक 04.12.21)**



**विषय: करनाल में जनसुनवाई।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने करनाल दौरे के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उनका निवारण किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेरोजगार युवा नौकरी के लिए कौशल विकास निगम पोर्टल पर स्वयं अपने आप को पंजीकृत कर सकेगा और नियमानुसार पात्र को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने करनाल में करीब 4 घंटे चली जन सुनवाई कार्यक्रम के दौरान करीब 700 लोगों की शिकायतों व समस्याओं को सुना। इसमें शिक्षा, चिकित्सा, सड़क निर्माण, पुलिस सहिति विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल थी जिनका मौके पर ही निवारण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कुछ शिकायतें राज्य स्तर की पॉलिसी से संबंधित थी उनका चण्डीगढ़ मुख्यालय से समाधान करवाया जाएगा।